भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.3111 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024/18 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

अटारी-वाघा सीमा को पुन: खोलना

†3111. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अटारी-वाघा व्यापार सीमा को व्यापारिक कार्यकलापों के लिए पुन: खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसे पुन: खोले जाने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है और इसे सुकर बनाने के लिए क्या तैयारी की जा रही है;

(ग) अटारी-वाघा सीमा पर सुचारू और कुशल व्यापार संचालन सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से उपाय कार्यान्वित किए जाएंगे;

(घ) क्या सीमा के लंबे समय तक बंद रहने से प्रभावित व्यवसायों और व्यापारियों की चिंताओं को दूर करने की सरकार की कोई योजना है: और

(ङ) बढ़े हुए व्यापार कार्यकलापों को समर्थन देने के लिए अटारी-वाघा सीमा पर अवसंरचना और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ङ): अगस्त, 2019 में पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार को स्थगित करने सहित भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को कमज़ोर करने के अनेक उपाय किए हैं। द्विपक्षीय व्यापार को बहाल करने का दायित्व पाकिस्तान सरकार का है।

*****